विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद से प्राप्त परिपत्र संख्या 14/ एडमिन, ' डी' सेक्शन दिनाकित 15- 10- 2022 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, झाँसी से सेवानिवृत्त कर्मचारीगण में से ऐसे कर्मचारीगण जिनकी आयु 65 वर्ष पूर्ण न हुई हो , अद्योलिखित तालिकानुसार रिक्त पदो पर पुनर्नियुक्ति की जानी है। यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थाई होगी तथा एक वर्ष की अवधि तक के लिये (यदि पूर्व में ही समाप्त न कर दी जाये अथवा प्रोन्नति व सीधी भर्ती के माध्यम से भर्ती न हो जाये) की जायेगी।

पुनर्नियुक्ति, 65 वर्ष की अवस्था प्राप्त करने अथवा धारित पद माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार भरे जाने, जो भी पहले हो, तक मान्य रहेगी।

पुनर्नियुक्त कर्मचारी को उसके सेवानिवृत्ति के समय मिलने वाले अन्तिम आहरित वेतन जिसमे से पेंशन की राशि काट कर मानदेय के रूप में देय होगा ।

आवेदक अपना आवेदन, आयु प्रमाणपत्र, व स्वास्थ्यता प्रमाणपत्र व सभी सुसंगत प्रमाणपत्र के साथ दिनाँक 04. 02. 2023 की सायं 04. 00 बजे तक अध्यक्ष, चयन समित / जनपद न्यायाधीश, झाँसी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त हुये आवेदनो पर विचार नही किया जायेगा ।

आवेदक दिनाँक 06. 02. 2023 को अपरान्ह 01. 30 बजे अपने मूल प्रपत्रों के साथ साक्षात्कार के लिये प्रशासनिक कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। साक्षात्कार के लिये अलग से कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा और न ही कोई यात्रा भत्ता देय होगा ।

जनपद न्यायालय झांसी में पुनर्नियुक्ति हेतु रिक्त पदों का विवरण

क्रम संख्या	पदनाम	रिक्त पदों की संख्या
01	आशुलिपिक संवर्ग	08
02	लिपिकीय संवर्ग	78
03	चतुर्थ श्रेणी संवर्ग	41
योग		127

विज्ञप्ति सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय। कम्प्यूटर अनुभाग, माननीय उच्च न्यायालय व जनपद न्यायालय , झांसी की बेबसाइड पर अपलोड करायें।

जिला सूचना अधिकारी, झाँसी को लोकप्रिय हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय व क्षेत्रीय समाचार पत्रों में नि:शुल्क प्रकाशनार्थ प्रेषित हो।

30.01.23

अध्यक्ष, चयन समिति/
जनपद न्यायाधीश,
झाँसी ।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, झाँसी ।

<u>आवेदन पत्र का प्रारूप</u>

आवेदन कर्ता का
पासपोर्ट साइज
हाल में खींचा हुआ
स्वप्रमाणित फोटो

1- आवेदित पद का नाम- ....

2- अभ्यर्थी का नाम हिन्दी में - ....

3- अभ्यर्थी का नाम अंग्रेजी में- ....

4- पिता या पति का नाम - ....

5- जन्म तिथि - ....

6- आयु आवेदन की तिथि पर - ....

7- सेवानिवृत्ति की तिथि - ....

8- स्थाई पता- ....

....

9- पत्र व्यवहार का पता- ....

....

10- ई मेल आई०डी०- ....

11- मोबाइल नम्बर- ....

मैं प्रमाणित करता हूँ / करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरे निजी जानकारी में सही व सत्य है । यदि किसी भी समय उक्त सूचनायें गलत या असत्य पाई तो उसकी पूर्ण रूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गई कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन संबंधी सभी नियम / शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा सभी मुझे स्वीकार है।

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनाँक-